The only difference is that the former have extra-territorial loyalty and have got inspiration from foreign countries and from the enemies of this country. Any pretext is good enough for the Kerala Chief Minister to declare hostility against the Centre. I will not be surprised if even a pertial repudiation of the Treaty of Merger on the part of the Government of India sparks a demand for sepratism in Kerala and they may ask for the restoration of the *status quo ante*. We cannot forget C. P. Ramaswamy Ayyar's days when they wanted to declare Kerala independent. It was the iron hand of Sardar Patel which put it down with the willing cooperation of the Travancore Ruler which smoothened the integration of the States in India. I request that this should be examined from this aspect. As I pointed out, the sending of the Central Reserve Police is fully justified.

Taking advantage of this debate, I would like to focus the attention of the House on some important aspects of State-Centrerelationship. We stand for the maximum State autonomy. At the same

[Shri P. K. Deo]

time we have to respect the Central authority. It is a question of a cooperative federation, something of a matrimonial relationship. Even if they quarrel, it is a question of give and take, it is question of compromise, and they should extend a helping hand to promote the common interests. It should be examined in that perspective, but recent events are not encouraging for the promotion of happy relationship between the Centre and State. As pointed out by my hon. friend Shri Kanwar Lal Gupta, the institution of Governor is being utilised as a lever to topple down non-Congress Ministries. No standard is being laid down for the conduct of the Governors I would like to quote from a speech of my distinguished friend, the late Shri H. C. Mathur. He said :

> "The Governor is the representative of the President in the State, but at the same time in political and administrative matters he is not an agent of the Government of India."

We saw in Madhya Pradesh when the Assembly was in session and was discussing the budget, it was prorogued on the advice of the Chief Minister who did not enjoy a majority at that time. In West Bengal the Governor insisted hastening of the State Asssmbly to be called. In Rajasthan the Chief Minister feared to face the Assembly and no attempt was made to form an alternative government even though the majority of the Members of the Assembly came here and paraded before the President and expressed their allegiance to the leader of the Opposition and the President's Rule was imposed. In Haryana a stable Ministry was toppled down and we are given long thesis on defection and public morality. But in the neighbouring State of Punjab one area defector was appointed Chief Minister, a minority Government with the support of the Congress. Not a day was given to Sardar Gurnam Singh to meet the Prime Minister when he came to Delhi. No prescribed standard has been laid down regarding the behaviour of the Governor. This has put the institution of Governor to shame. Guide lines should be provided regarding their behaviour. We find often encroachment on the State's autonomy. Industries primarily assigned to the State later declared by Parliament to be expendient in public interest come under the provision of the Centre. So also the mines and archaeological sites. But the worst comes when we go to the financial resources. That is why a constitutional provision has been made in the Constitution for this quinquennial Finance Commission because you know very well the functions and the resources of the State could not be matched together. Functions are many but the resources are limited. That is why the recommendation of the Finance Commission is necessary for the allocation of the central revenues and further provision also exists for statutory grants under Art. 275 and thirdly comes the discretionary grant under Art. 282 and lastly, loans for capital expenditure which is given to the various States according to the priority that is laid down by the Planning Commission. The first two are kept in the purview of the Planning Commission. But I would suggest that all these four things should be looked into by the Finance Commission.

Sir, the dependence of the State finance on central resources is on the increase. The total central resources transferred as a percentage of the States total expenditure in 1950-51 was only 30—30.3%. In the First Plan it rose to 41.8%, during the second plan it was 49% and in the Third Plan it was 53%. Taking into consideration this aspect, I must say that the interim report of the present Finance Commission has been most disappointing and depressing and arbitrary. In this regard instead of going into many aspects, I would like to pin-point on my State of Orissa. If you read the interim report of the Finance Commission, paragraph 60 and 61, you will see that the Finance Commission has accepted the forecast of the Central Government in toto. It has rejected the claims of the States on the ground that the estimated surplus of Central Government has fallen so much short of the total estimated portion of the States. This is not a happy situation because the legitimate claims of the States could not be ignored merely on the ground that the Central Government's forecast does not reveal adequate surplus funds for transfer to the State. In the case of Orissa the Finance Commission recommended the continuance

of the grant in aid at the existing level of Rs. 29.8 crores in spite of the fact that the revenue deficits are bound to be more than what led the previous Finance Commission to recommended this order of grant. There has been a very significant burden on the State on account of the revision of the dearness allowance. It is estimated to cost as Rs. 13 crores over and above the level of the expenditure on the basis of the recomendation of the previous Finance Commission. The economic condition is deriorating because of the rise in prices and inflation for which the Central Government is primarily responsible. The wrong economic policies pursued for the last 20 years are responsible to bring this mess. Why should the States be penalised for this ? Why should not the Centre bear a portion of the burden in this regard ?

Since the grant of such assistance is discretionary, and is so far not bound up on a statutory basis, autonomy of States is jeopardised. If the Central Government wants to discredit the State Government, it can decline to grant loan assistance to the State for enabling her to meet repayment liabilities, and then invoke article 360 regarding financial emergency on the ground that the State Government has failed to keep her financial commitments. The financial powers have been used by the Centre to impede the progress and to discredit the non-Congress State Governments.

17.00 hrs.

Further, the centralised planning has superseded the federal character of the Constitution and is functioning like a unitary system. In spite of the Central planning, in spite of being told time and again that the regional imbalance should be removed, it is on the increase. The difference between the *per capita* income of Orissa State, as compared to the national *per capita* income, was only Rs. 100 in the last fifties, and now the difference is Rs. 200 in spite of 15 years of planning. You can therefore very well realise what we are heading for, when the gulf of disparaty is widering in each plan.

The allocation of planning and priorities is being done on a partisan basis. Before I conclude, if the Constitution were to function property and if the States were to preserve their autonomy, I would like to quote from a nice observation made by Mr. Mohan Kumaramangalam in the Seminar held at Delhi. He says :

> "...the experience of countries like Canada was a clear indication that the unity of a country could be achieved more effectively by making the States more autonomous, since this ensured a better and more effective working of the Governments."

Before I sit down, I would like to quote a few lines from no less a person than Mr. K. Santhanam, who was the Chairman of the second Finance Commission, and also a Lieutenant-Governor and also a Member of the Constituent Assembly, in his address to the Indian Institute of Public Administration at Delhi. He said :

> "If at any time in the future, a considerable number of State Governments should belong to parties different from that which controls the Union Government or the Union Government finds it necessary to curtail drastically its financial assistance, there may have to be a reversion to State autonomy to the fullest extent provided by the Constitution."

I conclude my remarks with the following suggestions : firstly, the Inter-State Council, as suggested by Kanwar Lal Gupta, should be constituted under article 263 to go into all these matters. Secondly, instead of the Governor calling upon the leader of his choice to form the Government, he shall convene the Legislative Assembly and the Legislative Assembly should elect the leader of the House and only he is the person who should be called upon by the Governor to form the ministry. Finally, the Finance Commission should be made a permanent Commission to review from year to year the fiscal relations between the Centre and the States and who can dispassionately distribute the various revenues according to the needs and requirements of the States.

MR. SPEAKER : According to the group-strength, time is being allotted and that is what we have been doing. The other parties will also have the same proportion. Mr. Bohra.

श्री ओंकार लाल बोहरा (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, केन्द्र और राज्यों के सम्बन्ध में जो आज चर्चा उठी है उसके बारे में जो बुनियादी बात है, उसके ऊपर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। चौथे आम चुनाव के बाद जो परिणाम आये हैं और जिस तरह की राज्य सरकारें बनीं उसके बाद केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों की चर्चा एक विशेष प्रकार का वातावरण हमारे देश में बना। मैं इस समय आपका ध्यान थोड़ा इतिहास की ओर ले जाना चाहता हूँ। हमें वह दिन याद है जब मुहम्मद गौरी ने इस देश पर आक्रमण किया था और पृथ्वीराज और जयचन्द एक नहीं हो सके। हमें वह दिन याद है जब बाबर ने इस देश पर आक्रमण किया था और सांगा ने आह्वान किया था कि हम सब मिल कर इस देश की रक्षा करें लेकिन हमारा देश उस समय एक नहीं हो सका। हमें वह दिन याद है जब मुगल काल के अन्तिम दिनों में हमारे देश के सूबे स्वतन्त्र हो गये थे। हमारे देश में अलग अलग सूबे कमजोर पड़ रहे थे, केन्द्र कमजोर हो गया था और अंग्रेजों को बड़ी आसानी से हमारे देश पर कब्ज़ा करने में सफलता मिली। तो इतिहास के इस सबक को यदि हम ध्यान में रखें तो सबसे पहली आवश्यकता इस बात की स्वीकार करें कि हमारे सामने राष्ट्रीयता, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्र एक है, यह हमारे देश के सूबे का यह मुख्य बात है जिसकी छाया में और जिसके परिवेश में हमें इस प्रश्न पर विचार करना चाहिए।

मैं अपने बहुत योग्य और कर्मठ गृहमंत्री का इस अवसर पर अभिनन्दन करना चाहता हूँ जिन्होंने इस नाजुक समय में जब कि चौथे आम चुनाव के बाद हमारे देश की आन्तरिक स्थिति उभड़ कर सामने आ गई, कहीं नक्सलबाड़ी, कहीं केरल में कम्यूनिस्टों की हरकतें, कहीं बंगाल के अन्दर माओ-त्से-तुंग के चित्र, इन तमाम परिस्थितियों के अन्दर देश को नेतृत्व दिया और इस बात का सबूत दिया कि यदि सेंटर मजबूत नहीं रहेगा तो इस देश की स्वतन्त्रता खतरे में पड़ जायेगी। मैं, इसलिए बहुत अदब के साथ निवेदन करना चाहता हूँ और मुझे दुःख है कि मेरे भाई श्री कंवर लाल गुप्त ने अपने सिद्धान्तों और विचारों के विपरीत सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने के लिये एक ऐसे लूज़ फेडरेशन की चर्चा की, जब कि उनके जो नेता हैं, अटल बिहारी वाजपेयी जी, उन्होंने हमेशा इस बात की मांग की हैं, उन्होने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि केन्द्र मजबूत होना चाहिये, राष्ट्रीय एकता के लिए, राष्ट्रीय अखण्डता के लिए, राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की रक्षा के लिये केन्द्र मजबूत होना चाहिए। लेकिन में आपसे कहना चाहता हूँ, जनसंघ की यह दृष्टि नहीं है। उन्होंने जो कुछ कहा वह इस पिछले साल भर के दौरान में उनको जो एक मौका मिला उसको लेकर कहा। पिछले साल भर में देश के अन्दर कई प्रान्तों में कांग्रेस को अपदस्थ करके जिस प्रकार की सरकारें बनीं उन सरकारों में जनसंघ ने भाग लिया और ऐसे समझौते उनको करने पड़े, कहीं कम्यूनिस्टों के साथ, कहीं अतिवादियों के साथ, कहीं ऐसे लोगों के साथ जिनके साथ उन की विचारधारा मेल नहीं खाती, ऐसी स्थिति में जो खिचड़ी सरकारें बनीं उन सरकारों के प्रति केन्द्रीय सरकार दयावान नहीं हो सकती थी, करुणा नहीं दिखा सकती थीं क्यों कि जिस तरह की खिचड़ी सरकार बनी उसमें आपस में कोई तालमेल नहीं था। तो अपने दोषों, अपनी कमजोरियों को छिपाने के लिए इस तरह की बात आज कही जा रही है। मैं कहना चाहता हूँ, पहली बात तो यह है कि सिद्धान्तों को त्याग कर जनसंघ और कम्यूनिस्टों ने मिल कर या अन्य विचार-धारा के लोगों ने मिल कर जिस तरह की सरकारें बनाई उन सरकारों का अन्त स्वाभाविक था। उनका इसके अलावा और कोई परिणाम नहीं था। ...(व्यवधान)... मैं बड़े अदब के साथ कहना चाहता हूँ कि आज केरल की सरकार को गिराने के लिए केन्द्र की ओर से कोई प्रयत्न नहीं किया जाता। उड़ीसा की सरकार को गिराने के लिए केन्द्र की ओर से कोई प्रयत्न नहीं किया जाता क्यों कि हम जानते हैं कि उड़ीसा की सरकार अपने ढंग से काम

कर रही है। डी० एम० के० की सरकार मद्रास में अपने बहुमत से अपने विचारों के अनुसार काम कर रही है। लेकिन जिन प्रान्तों में यह सरकारें समाप्त हुई, चाहे हरयाना हो, चाहे पंजाब हो, चाहे बिहार हो उन का इस के अलावा और कोई दूसरा परिणाम नहीं होना था। और मध्य प्रदेश में क्या हो रहा है? मध्य प्रदेश में तो आप की ही सरकार चल रही है। वहां किस प्रकार प्रजातंत्र का तमाशा हो रहा है? मैं आप से पूछना चाहता हूं आप केन्द्र से क्या चाहते है? आप का आपस में विचारों का मेल नहीं है, आपस में मतभेद है। ऐसी सरकार के लिए आप केन्द्र से मदद चाहते हैं। आप चाहते हैं कि वह सरकारें कायम रहें, तो मैं आप से कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट में आने से पहले कांग्रेस ने वर्षों तक आजादी के लिए संघर्ष किया और तब सत्ता में आई। आप चाहते हैं कि बिना संघर्ष और सेवा के, आप सरकार में आ जायें। पहले आप जा कर जनता में काम कीजिए और जब आप का बहुमत हो तब सत्ता में आइए। लेकिन सिद्धान्तों को त्याग कर सस्ते समझौते न कीजिये। मैं कहना चाहता हूं कि इन खिचड़ी सरकारों के पतन के कारण राज्य और केन्द्र के सम्बन्धों के ऊपर जो चर्चा हो रही है उसका मुख्य कारण यह है कि आप ने खिचड़ी सरकार बनाई, सिद्धान्तों को त्याग कर आप ने समझौते किये ताकि आप सत्ता में आ जायें। इस लिए मैं कंवर लाल गुप्त जी से कहना चाहता हूं कि खिचड़ी सरकार बनाने के बनिस्बत आप सिद्धांतों पर डटे रहिए। जनता अगर आप को बहुमत दे तो आप गवर्नमेंट बनाइये। लेकिन जब आप सिद्धान्त को त्याग कर सरकार बनाना चाहेंगे, तो केन्द्र आपके प्रति दयावान बने, अपने राइट को भूल जाय, यह सम्भव नहीं है।

आपने राजस्थान का जिक्र किया—आप को याद है कि दौसा के उप-चुनाव में महारानी गायत्री देवी का लड़का पराजित हुआ, झालौर में भी अभी अभी आप हारे हैं—यह किन बातों का संकेत है यह इस बात का संकेत है कि स्वतन्त्र पार्टी और महारानी गायत्री देवी... ...(व्यवधान)...का प्रभाव वहां से समाप्त हो रहा है। अगर वास्तव में स्वतन्त्र पार्टी और जनसंघ का राजस्थान में बहुमत होता तो ऐसा नहीं होता। किस तरह से प्रलोभन देकर रानी गायत्री देवी ने, सामन्ती नेताओं ने, पैसे के बल पर अपने राजप्रसादों में, किलों में विधान सभा के सदस्यों को दबा कर रखा, लेकिन इस का परिणाम यह हुआ कि जब उनको जनतन्त्र की हवा मिली, सब उन को छोड़ छोड़ कर कांग्रेस के साथ आ गये – जिस का ताजा उदाहरण ये दोनों उप-चुनाव हैं। आप हवा के रुख को देखिये, राजस्थान में जो भी उप-चुनाव हुए उन में कांग्रेस भारी बहुमत से जीती। इस लिए यह कहना कि राजस्थान में जनतन्त्र की हत्या हुई है या राजस्थान के साथ केन्द्र ने अच्छा सुलूक नहीं किया या कांग्रेस ने अपना बहुमत बनाने के लिये ऐसा किया—यह सब भूल है, प्रबंचना है, अपनी शक्ति को जरूरत से ज्यादा समझना है।

17.11 hrs.

[Mr. Deputy Speaker *in the Chair*.]

केरल के बारे में भी दो शब्द मुझे कहना है। केरल में केन्द्रीय कर्मचारियों के प्रश्न को लेकर केरल सरकार ने जिस तरह का व्यवहार किया और हमारे गृह मंत्री जी ने जिस तरह की दृढ़ता दिखाई, उस के लिए मैं उनका अभिनन्दन करना चाहता हूं। इस लिये अभिनन्दन करना चाहता हूं.....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या दृढ़ता दिखाई? ...(व्यवधान)...

श्री ओंकार लाल बोहरा : यह प्रश्न केवल केरल का नहीं था। यह प्रश्न उसी तरह का था जिस तरह नक्सलवाड़ी के अन्दर, पश्चिमी बंगाल के अन्दर कुत्सित षड्यन्त्र चल रहा था, उस समय भी केन्द्रीय सरकार ने जिस दृढ़ता के साथ कदम उठाया था और जिसका हम सब ने समर्थन किया था, उसी तरह...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या कदम उठाया था?

श्री ओंकार लाल बोहरा : राष्ट्रपति शासन जिसकी माँग बंगाल की जनता ने की थी।

मैं आप से निवेदन करना चाहता हूँ कि यदि हम देश की एकता को कायम रखना चाहते हैं—मैं खास तौर से वाजपेयी जी और कंवर लाल गुप्ता जी से निवेदन करना चाहता हूँ—यदि आप देश की अखण्डता की बात करें तो अपने दिमाग से भ्रान्तीयता को दूर रखना चाहिये। केरल में केन्द्रीय सरकार ने जो रुख अपनाया है, वह राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से, अखण्डता की दृष्टि से, केन्द्र का महत्व बना रहे, केन्द्र शक्तिशाली हो, उस दिशा में उचित कदम था। इस लिये मैं कहना चाहता हूँ कि आज जो केन्द्र और राज्यों के सम्बन्धों का प्रश्न उठाया गया है, यह बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है—यह इस बात का द्योतक है कि हम इस देश की राष्ट्रीय एकता की रक्षा करना चाहते हैं या नहीं, हम इस देश की राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना चाहते हैं या नहीं, वास्कोडीगामा सब से पहले कालीकट में उतरा था, लेकिन क्लाइव और हेस्टिंग्ज सब से पहले बंगाल की धरती पर आये थे। इस लिये हम चाहते हैं कि देश की एकता मजबूत हो। हम अपने पुराने इतिहास से सबक लें और जैसा हमारे भाई नम्बियार कहते हैं कि हमारी कालोनीज हैं मैं उनसे कहना चाहता हूँ कि यदि वास्तव में आप प्रजातन्त्र में विश्वास करते हैं तो आप अपने आप में निरीक्षण करें कि आप प्रजातन्त्र के ढांचे में देश की राष्ट्रीय एकता की रक्षा करना चाहते हैं या नहीं। अगर आप यह समझते हैं कि आपको देश के प्रजातन्त्रीय संविधान में दिलचस्पी नहीं है तो मैं नहीं समझता कि इसके सम्बन्ध में कुछ कहा जा सकता है।

अन्त में, उपाध्यक्ष महोदय, मैं यही निवेदन करना चाहता हूँ कि हमें केन्द्र को अधिक से अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए दृढ़ता से केन्द्र का समर्थन करना चाहिए।

SHRI MURASOLI MARAN (Madras South) : Mr. Deputy Speaker, Sir, today we are discussing a problem, the problem of Centre-State relations, which may dvelop as a major crisis very soon if it has not developed already. Some years ago any discussion about the Centre-State relations in this august House would have been considered as a piece of anachronism because, as my hon. friends have pointed out, at that time we had a monopolistic dominance of a single party at all levels of government and, as Shri Gupta has pointed out, we had the towering personality of Nehru also. At that time any problem of the Centre and the States remained as a problem of constitutional law and a matter of academic interest. Today it has become a political problem and a problem of day-to-day politics.

It is very unfortunate that the Ordinance, which was promulgated to meet the circumstances of a temporary phenomenon, the one-day token strike of the Central Government employees, should have created a permanent source of misery to thousands of people and left indelible smudges on the fabric of our federal system

The entire controversy between Kerala and the Centre revolves around three points. Questions are being asked whether the Centre should consult the States before promulgating an Ordinance ; in issuing a directive if the Centre has discretion to arrest some persons and leave some other persons, whether the State also has got the same discretion ; and whether the Centre can deploy the Central Reserve Police in a State without its knowledge.

As the Chief Minister of Kerala, Shri Namboodiripad, has said, nobody questions the legal and the constitutional validity of the Ordinance. Everybody is aware of the rigours of the directives of the Union Government which demand implicit and instantaneous obedience to union laws. Similar powers are there to issue directives to the States with regard to the welfare of the Scheduled Tribes, the education of the minorities, the Union official language and so on. Any State can disobey them only at the risk of constitutional punishment. There is article 365 under the heading "Effect of failure to comply with, or to give effect to, directions given by the Union" and any refusal by the State Governments is equivalent to the breakdown of the constitutional machinery and

the ever ready Presidential rule may be clamped on the State. This is something special to our Constitution the like of which is not to be found in any federal constitution evolved in the world. It is a sword of Damocles which is hanging over the heads of States.

What will happen if the directive is in the form of a lawless law which infringes the very fundamental rights of a citizen ? Such a question was asked and discussed at a symposium on the All India Radio and the famous jurist, Shri Setalvad, has said that even in that case the State has no alternative but to obey it. But I think that there may be an alternative viewpoint also. It is for the constitutional pundits to go into that. Yet these are all in accordance with the letter of the Constitution. But I want to ask : Are they in consonance with the spirit of the Constitution ?

Let me quote one example. According to article 123 the President can promulgate an Ordinance during the recess of Parliament. How shall he exercise his powers ? Of course, on the advice of the Council of Ministers of the Union Cabinet. Let us imagine a hypothesis that tomorrow we have a President, who wants to act as the President of America and issues an Ordinance even without the advice of the Council of Ministers of the Union Cabinet. What shall happen ? Definitely we do not want such a situation, but there is nothing written in the Constitution to say that the President should promulgate an Ordinance only on the advice of the Council of Ministers.

Healthy conventions demand that the President should carry out these kinds of duties on the advice of the Council of Ministers. Our stand is that the very same healthy conventions demand that the Central Government should consult the States before promulgating an Ordinance.

This problem today is between a Congress Centre and a non-Congress State.

But tomorrow it may change and *vice versa* may happen. It is not an impossible thing that tomorrow there may be a non-Congress Centre and the Congress State. I want to pose a question to Congress friends in that situation and in this context. Would they want to be consulted before an Ordinance is proclaimed or not ? Would they want to be informed befor the Central Reserve Police Force is deployed to the State or not ? I would like my Congress friends to look into the problem from that point of view.

After the Fourth General Elections, everything has changed. The political set-up has changed in our country. Our experiment with federalism started only after the Fourth-General Elections. So, we have still to evolve democratic feelings, traditions and conventions. But what is happening is otherwise. The law and order has been considered as a privileged preserve of the States. But for the first time in the history of free India, this Government has deployed the Central Reserve Police Force to a State even without its knowledge. When our learned Law Minister was asked about it on September 23, 1968 at Cochin, he replied that the presence of C.R.P. in Kerala was rather symbolic. Symbolic of what ? It is symbolic of the inherent passion of this Government to topple down all non-Congress Ministries in India ? Is it symbolic of the desire of the Centre to become the ring master so that the States may perform at the crack of the whip ? I do not want to blame individuals for this.

It is a part of the attitude of the Empire building which is permeating the atmosphere of New Delhi. It is the result of the Constitution and that is to be blamed. In our Constitution, there is a built-in complex of perpetual Centre-State conflict. If law and order breaks down in a State, the Centre intervenes in the form of the President's Rule. If law and order breaks down in a Union Territory, such as, it happened during the policemen's strike and the anti-cow-slaughter agitation in New Delhi, and if law and order breaks down in a State which is under the President's Rule who will intervene ? Whether Gen. Kumaramangalam with his army will intervene is a question I want to pose before this Minister ? There is something inherently wrong in our Constitution. In my language there is a proverb that if a pot is broken by mother-in law, it is a mud pot and, if the same pot is broken by daughter-in-law, it will be considered as a golden pot and a lot of hue and cry will follow. Our Constitution is such that the Centre considers itself as an irate, termagant mother-

[Shri Murasoli Maran]

in-law and the States are concerned as docile daughters-in-laws.

AN HON. MEMBER : One day daughter-in-law will become mother-in-law.

SHRI MURASOLI MARAN : In Britain, the King can do no wrong. In India, the philosophy is that the Centre can do no wrong.

SHRI NAMBIAR : The Home Minister.

SHRI MURASOLI MARAN : There is the disbelief or lack of faith in the States. The Constitution itself does not believe the States ; there is lack of faith in States. Any estranged relationship between the Centre and the State is due to the shortcomings inherent in our Constitution.

I would like to quote here what the ex-Chief Minister has said about the Centre State relations. These are the words of the ex-Chief Minister of the biggest State in India. Let me quote :

> "There is less and less inclination to treat State Governments as partners in a common endeavour in a growing inclination to treat them as subordinates and agents whose outlook is normally narrow and who cannot be trusted to take important decisions by themselves."

These are the words of Dr. Sampurnanad in his book. "Memoirs and Reflections" written some six years ago. We all know he belongs to the biggest State in India which has supplied all the Prime Ministers of free India and more number of Union Cabinet Ministers and Governors. If such is the position, what will be the position of other non-Congress States I wish to point out.

This Government followes the letter of the Constitution like Shylock followed the letter of the bond. We are yet to know why the Inter-State Council as provided by article 263 of the Constitution has not been set up. I want to know the reasons for the same. There is another proverb in my language that the unseen legs of a snake are visible only to another snake. Like that, the mind of the Congress Minister is better known to another Congress Minister.

I want to quote the words of an ex-Minister explaining why such a Council has not been set up. I am quoting from the speech delivered at the Harold Laski Institute of Political Science in Ahmedabad on October 20, 1967 :

> "Probably this is because there is a fear that, in an inter-State Council, the Governments of the Union and the States will have equal status and there will be no scope for Central domination."

There are the words of our ex-Minister Shri K. Santhanam. I want to know whether this is the reason for not setting up the Council. That is why, we urge for the appointment of high-powered Commission to examine the Constitution vis-a-vis the relationship between the Centre and the States and suggest reallocation of powers facing the realities.

When we plead for a minimal Centre, at the same time I want to establish that we are second to none in maintaining the integrity and unity of India. Let there be no dobt about this. That is why we want that such powers that are essential for the maintenance of the integrity and unity of India to be vested in the Union, and the the others should be re-allocated to the States.

In the years to come, in future, there will be a polarisation of all political parties in India on this basis of changing this farce of federalism to create a real federalism. In the meanwhile, I wish to bring to the notice of the hon. Minister the learned advice of Shri Gajendragadkar, ex-Chief Justice of India :

> "Healthy Centre-State relations must be evolved wisely and not in a partisan spirit if democracy and federalism are to succeed in this country."

Therefore, in the interest of the country, in the interest of the unity of the country, I request the hon. Minister to stop the cold war which is being waged on Kerala.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : **डिप्टी स्पीकर महोदय,**

बात जो दिल से निकलती है असर रखती है,
पर नहीं, ताकते परवाज मगर रखती है।

इतनी गहरी बात सदन के सामने पेश है लेकिन अफ़सोस है कि इतने हलकेपन से इसको लिया गया। जैसे मेरे दोस्त ने भट्टा विठा दिया जनसंघ का वह प्वाइंट पेश करके। आज मुझे श्री कंवर लाल गुप्त से बड़ी मायूसी हुई। कहां गई उनकी देशभक्ति की ठेकेदारी ?... (व्यवधान)...कश्मीर का इन्टिग्रेशन, नागालैंड के चीफ मिनिस्टर ने क्या कहा, सारा मशिरकी हिन्दुस्तान खोखला हो गया है...(व्यवधान)... सवाल यह है कि अशोक के समय में यह देश एक हुआ था और फिर ढाई हजार साल के बाद हमारी खुशकिस्मती से सारा देश एक सूत्र में बंधा है। और ये लोग जो बैठे हुए हैं माओ त्सेतुंग के चेले चपटे, ये देश को बर्बाद करना चाहते हैं। साढ़े सात सौ स्टेट्स इंटिग्रेशन हमारे सरदार पटेल और कांग्रेस के लीडरान ने किया था लेकिन ये लोग फिर से 1500 स्टेट्स बनाना चाहते हैं। लेकिन इस चीज को हम होने नहीं देंगे। हमारे होम मिनिस्टर, चव्हाण साहब और कांग्रेस गवर्नमेंट ने इस देश के ऊपर एक अहसान किया है, टु निप दि इविल इन दि बर्ड, ताकि एक कांटा बड़ा होकर सारे देश को कहीं नासूर न बनादे, इन्होंने उस चीज का गला पकड़ लिया है। यहां पर तो सिर्फ केरल की बहस है फिर आप लोग चारों तरफ़ क्यों घूम रहे हैं ? आज केरल में जो जज़बा काम कर रहा है वह यह कि इस देश के विधान को कायम रखना है या नहीं रखना है, इस देश का झंडा कायम रखना है या नहीं रखना है, देश में डिमोक्रेसी को कायम रखना है या नहीं रखना है, इस देश की यूनिटी को कायम रखना है या नहीं रखना है, इंसानियत को कायम रखना है या नहीं रखना है और इस देश में प्रजातंत्र को कायम रखना है। या नही रखना है। आज देश के सामने मौजूदा सवाल यह है। लेकिन बनर्जी और उनके चेले चपटे इस देश को तहस-नहस करना चाहते हैं।

यहां पर कांग्रेस पार्टी या और किसी पार्टी का सवाल नहीं है। इस देश के 50 करोड़ आदमी आज यह चाहते हैं कि हमारे होम मिनिस्टर इस देश की युनिटी पर आंच नहीं आने दें। इस देश का कोई भी हिस्सा कमजोर न पड़े। आज देश का हर एक आदमी यह चाहता है कि हर कीमत पर इस देश की एकता कायम रक्खी जाय और जाहिर है कि वह मजबूत सेंटर होने से ही कायम रह सकती है। देश का कोई भी हिस्सा, कहीं पर भी कोई डिस्रप्टिव फोर्सेज अगर इस देश को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं तो ऐसी डिस्रप्टिव फोर्सेज का खात्मा किया जाय और सेंटर द्वारा उसका सिर कुचल दिया जाय। इस नाते मैं समझता हूं कि उधर के हमारे भाई नाम्बियार साहब ने जो बात कही वह कोई छोटी बात नहीं है कि उसे दरगुजर कर दिया जाय। उधर के वह भाई बार-बार यह कह चुके हैं कि वह इस पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी को एक मजाक समझते हैं। इस संविधान को वह एक मजाक समझते हैं। पार्लियामेंटरी डेमोक्रेसी को वह एक मजाक समझते हैं और इसलिये हमें उनके दिमाग में जो शरारत काम कर रही है उससे खबरदार रहना है और ऐसे डिस्रप्टिव एलिमेंट जहां भी हों उन्हें हमें मजबूती से टेकिल करना है। इसे खाली 19 सितम्बर की हड़ताल की समस्या ही हमें नहीं समझना है बल्कि यह देखना है कि सेंटर की रिट सभी जगह देश भर में चलती है या नहीं। अब यहां पर केन्द्रीय सरकार ने इस समस्या पर काबू पाने के लिये एक मामूली आर्डिनेंस पास किया और वह केरल की गवर्नमेंट ने कह दिया कि हम इसे नहीं मानते हैं। अब इस तरह की किसी भी राज्य सरकार के निदेश की अवहेलना करना एक बड़ी गम्भीर बात है। अब चव्हाण साहब या सेंटर कोई रिट जारी करे और पंजाब उत्तर प्रदेश या हरियाणा की राज्य सरकारें कहें कि हम उसे नहीं मानेंगे तो इस देश का क्या बनेगा ? इस लिये यह बहुत आवश्यक है कि हमारा सेंटर मजबूत हो। मुझे अफसोस है कि श्री कंवरलाल गुप्त कैसे इस बात के मुखालिफ हो गये...

श्री कंवर लाल गुप्त : मैंने ऐसा कभी नहीं कहा कि सेंटर मजबूत नहीं होना चाहिये। मैंने

[श्री कंवर लाल गुप्त]

तो हमेशा यही कहा है कि सेंटर को मजबूत होना चाहिये। माननीय सदस्य जो मेरे लिये इस तरह की गलत बात कह रहे हैं यह उचित नहीं है। मैंने यह कभी नहीं कहा कि सेंटर मजबूत नहीं होना चाहिये।

श्री रणधीर सिंह : माननीय सदस्य को इस तरह से डिस्टर्ब नहीं करना चाहिये। उन्हें दूसरा न्यु प्वाइंट भी सुनना चाहिये। आज की उन की स्पीच एक निराशावादिता की स्पीच थी। आज तक मैं श्री कंवर लाल गुप्त को हरियाणे का अपना एक भाई समझता था लेकिन आज से मैंने उन को बतौर हरयाणे के अपने एक भाई के तौर पर अपने दिमाग से निकाल दिया। इससे बढ़कर अफसोस की और कोई बात नहीं हो सकती है कि हरयाणे के आदमी के मुंह से देश को कमजोर करने वाली बातें निकलें। मैं तो श्री कंवर लाल गुप्त के मुंह से यह सुनना चाहता था कि सेंटर मजबूत होना चाहिये और श्री चव्हाण ने बतौर होम मिनिस्टर के जो कुछ किया वह ठीक किया। केरल में जो कम्युनिस्टों को लेकर और उन चीन के माओत्से तुंग के भतीजों को जिस तरह से रगड़ा वह उन्होंने ठीक किया। मुझे आज उनकी बात सुन कर बड़ी हैरत और साथ में दुख भी हुआ क्योंकि होम मिनिस्टर ने जो कुछ किया वह कोई कांग्रेस के लिए नहीं किया बल्कि इस देश को मजबूत बनाये रखने और इस देश की एकता कायम रखने के लिए किया था। श्री कंवर लाल गुप्त को मजबूत सेंटर के लिये कहना था ताकि इस देश में कोई विघटन कारी शक्तियां न पनप सकें और देश की एकता कायम रह सके। उस तरह की अव्यवस्था और कमजोर सेंटर जैसा कि बहादुरशाह या औरंगजेब के अंतिम काल में था वैसी नौबत आज न आ पाये। क्या हमारे श्री कंवर लाल गुप्त यह चाहते हैं कि जिस तरह से बहादुरशाह के जमाने में मुगल शासन लालकिले में महबूद हो कर रह गया था और मुगल शासन के अंतिम दिनों में मुगल बादशाहों की रिट लाल किले के बाहर नहीं जाती थी वैसी हालत आज बन जाय और सेंटर की रिट प्रान्तों में न चले ?...

श्री कंवर लाल गुप्त : माननीय सदस्य मालूम पड़ता है कि जब मैं बोल रहा था तब वह सो रहे थे अन्यथा इस तरह की गलत बात वह मेरे लिए कदापि नहीं कहते।

श्री रणधीर सिंह : मैं श्री कंवर लाल गुप्त को आगाह कर देना चाहता हूँ कि जब तक कांग्रेस गवर्नमेंट मौजूद है क्या तो वह खुद या डी० एम० के० अथवा और भी कोई भाई जो भी इस तरह से सेंटर को कमसोर करना चाहेंगे और देश की आजादी और एकता को अगर कोई खतरा होगा तो केरल में जैसा सेंटर ने किया और जगहों पर भी अगर आवश्यक हुआ तो सेंटर मजबूत कदम उठायेगा। जो भी इस देश की एकता को चैलेंज करेगा, इस देश के संविधान को और इस देश की युनिटी व सौलिडैरिटी को चैलेंज करेगा उसे हमारे चव्हाण साहब रगड़ देंगे। हमारे चव्हाण साहब जो भी कार्यवाही करेंगे वह कांग्रेस पार्टी के हित की दृष्टि से न करके सम्पूर्ण देश के हित को ध्यान में रखते हुए ही करेंगे।

बस एक बात कह कर मैं खत्म करूंगा। हमारे भाई ने इलाहाबाद की बात कह दी। अब इलाहाबाद या रांची का क्या इससे ताल्लुक था ? लेकिन मैं कहना चाहूँगा कि इलाहाबाद और रांची में जो कुकर्म हुआ जो गड़बड़ हुई उसके लिए वह खुद जिम्मेदार हैं। मैं अपने दोस्त श्री कंवर लाल गुप्त को कहना चाहूँगा कि अगर उनकी पार्टी में से यह कम्युनलिज्म निकल जाये तो वह उनने ही बढ़िया हो सकते हैं जैसे कि यह कांग्रेस है। यह कम्युनलिज्म वह अपने में से निकाल दें हकीकत यह है कि वह उसे निकाल नहीं रहे हैं। दरअसल यह लोग कम्युनलिस्ट्स और सरमायेदार हैं और जिसे भी इस देश का हित प्यारा है वह कभी इन का साथ नहीं दे सकता है।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्य का समय समाप्त हो गया है।

श्री रणधीर सिंह : बस मैं एक मिनट में खत्म किये दे रहा हूँ। मैं चाहूँगा कि सेंट्रल रिजर्व पुलिस को और ज्यादा मजबूत करने के लिये हमारे चव्हाण साहब और अधिक अधिकार अपने हाथ में लें क्योंकि इन दोस्तों के जो मंसूबे हैं वह उन्हें बखूबी मालूम हैं और देश की एकता को बनाये रखने का जहां तक ताल्लुक है उस बारे में उन्हें कोई भी रिस्क नहीं लेना चाहिये।

अब अमरीका में फेडरल टाइप ऑफ गवर्नमेंट है और वहां अमरीका में फेडरल पुलिस व फेडरल आर्मी है। आपको मालूम है कि वहां अमरीका में जो कि अपने को डेमोक्रेटिक कहता है वहां पर अगर कोई स्टेट इस तरह से बदमाशी करे, चाहे वह नीग्रोज के मामले में करे या और किसी बात में करे तो वहां का सेंटर उसे रगड़ सकता है। इसलिए मैं चाहता हूँ कि यहाँ पर सी० आर० पी० को और अधिक मजबूत किया जाय और जो भी इस देश की एकता को आँच पहुंचाये चाहे वह शेख अब्दुल्ला हों, नम्बूदरीपाद हों, या नागालैंड या मीजोलैंड ऐसी कोई भी चीज हो तो उन्हें मजबूती के साथ सी० आर० पी० के जरिये सेंटर टेकिल करे। इसके लिये बम्बई से एक आदमी खुद लिखता है कि अगर यह बात नहीं की गई तो हिन्दुस्तान की एकता को खतरा है और मौजूदा सिस्टम को तोड़ कर इस देश के चार हिस्से बनाने पड़ेंगे। इसलिए हमें देश को और सेंटर को मजबूत बनाना होगा। यह ठीक है कि कांग्रेस गवर्नमेंट और चव्हाण साहब ज्यादा से ज्यादा लिंगविस्टिव बेसिस पर आटोनमी देना चाहते हैं लेकिन अगर वह उसे मिस्यूज करते हैं तो उन्हें रोका जायेगा और हम किसी भी हालत में सेंटर को कमजोर नहीं होने देंगे और हम ऐसी डिस्रप्टिव फोर्सेज पर रगड़ा चढ़ायेंगे। हम इस देश की एकता व हित को सर्वोपरि अपने सामने रक्खेंगे।

श्री कंवर लाल गुप्त : उपाध्यक्ष महोदय, तीन कांग्रेस के मेरे भाई बोले। दोनों ने यह कहा कि मैंने कोई लूज फेडरल स्ट्रक्चर की बात कही है लेकिन उनका ऐसा कहना एकदम गलत है। मैंने तो साफ कहा मैं एक मजबूत सेंटर के हक में हूँ...

